जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 59 अंक-33 जयपुर, सोमवार, 4 सितम्बर, 2023 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4

## हर वर्ष 31 अगस्त को मनाया जाएगा विमुक्त, घुमन्तू एवं अर्द्धघुमन्तू जनजाति दिवस : मुख्यमंत्री

**जयपुर (हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि संविधान की भावना के अनुरूप वंचित वर्गों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ना राज्य सरकार का ध्येय है। विमुक्त, घुमन्तू एवं अर्द्धघुमन्तू जनजाति समुदाय के उत्थान के लिए राज्य सरकार द्वारा निरन्तर कदम उठाए जा रहे हैं। गहलोत मुख्यमंत्री निवास पर विमुक्त, घुमन्तू एवं अर्द्धघुमन्तू जनजातियों के 72वें मुक्ति दिवस राज्यस्तरीय समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विमुक्त, घुमन्तू एवं अर्द्धघुमन्तू जनजातियों (डीएनटी) के विकास के लिए 50 करोड़ रूपए के कोष की स्थापना की गई है। डीएनटी समाज की पारम्परिक कलाओं एवं उद्यम हेतु 5 करोड़ रूपए की राशि से डीएनटी रिसर्च एवं प्रिजर्वेशन सेन्टर बनाया जा रहा है। साथ ही, समाज के लोगों को ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करवाने एवं कलाकारों को रोजगार एवं आर्थिक प्रोत्साहन देने का कार्य भी किया जा रहा है। समाज के विद्यार्थियों को



आवास व शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए योजना लाई गई है। विमुक्त, घुमन्तू एवं अर्द्धघुमन्तू समुदाय के उत्थान के लिए शीघ्र ही डीएनटी पॉलिसी लाई जाएगी।

इस अवसर पर गहलोत ने हर वर्ष 31 अगस्त को विमुक्त, घुमन्तू एवं अर्द्धघुमन्तू जनजाति दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछड़े वर्गों द्वारा अपने उत्थान के लिए सरकार से संबल प्राप्त करना उनका हक है। शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर बल देने एवं एकजुटता से ही वंचित समाजों की प्रगति संभव है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपने बच्चों को पढ़ाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

## गहलोत जरूरी है शॉर्ट फिल्म को मिल रहा दर्शकों का जबरदस्त रेस्पोंस

**जयपुर (हमारा वतन)।** संस्कार सृजन संस्था द्वारा निर्मित और राम गोपाल सैनी द्वारा निर्देशित गहलोत जरूरी है शॉर्ट फिल्म के यूट्यूब चैनल इंडिया (india) पर रिलीज होते ही दर्शकों का जबरदस्त रेस्पोंस मिल रहा है । निर्देशक राम गोपाल सैनी ने बताया कि इस शॉर्ट फिल्म में राजस्थान सरकार द्वारा प्रदेश वासियों के कल्याण को लेकर महंगाई राहत कैंप में की गयी 10 योजनाओं के रजिस्ट्रेशन के प्रति लोगों को जागरूक किया गया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रदेशवासियों के लिए क्यों जरूरी है इसको दर्शाया गया है । शॉर्ट फिल्म के मुख्य कलाकार संदीप शर्मा और रोहित सैनी हैं । श्याम सुन्दर शर्मा का विशेष सहयोग रहा है । मीडिया पार्टनर संस्कार सृजन, हमारा वतन और स्मार्ट समाचार हैं ।




डॉक्टर रामनारायण यादव के नेतृत्व में हुआ कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन

## जनता की सेवा करना कांग्रेस के संस्कार हैं - डॉ. रामनारायण यादव

**जयपुर (हमारा वतन)।** समाजसेवी डॉक्टर रामनारायण यादव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन सोमवार 28 अगस्त को किया गया । जिसमें कार्यालय पर रणनीति बनाकर पार्टी का प्रचार प्रसार करने का निर्णय लिया गया । कांग्रेस पार्टी के 2023 के चुनाव की तैयारी शुरू कर दी गई तथा कार्यालय का उद्घाटन उदयपुरिया मठ मंदिर से भगवानपुरी दास जी महाराज ने फीता काट कर किया। समाजसेवी डॉक्टर रामनारायण यादव ने कहा कि कार्यालय जरूरतमंद व गरीब लोगों को उन्हें होने वाली परेशानियों निजात दिलवाने के लिए मददगार साबित होकर जन् आस्था का केंद्र बने और यदि कांग्रेस को मजबूत बनाना है तो अन्याय,अत्याचार व उत्पीड़न के खिलाफ लड़ना होगा व इस प्रकार कार्य में लगे रहे तो फिर जनता को



धर्म वह संप्रदाय के आधार पर भड़काने वालों के षड्यंत्र सफल नहीं होंगे और समाजसेवी डॉक्टर रामनारायण यादव ने कहा कि जनता की सेवा करना कांग्रेस के संस्कार हैं । इस अवसर पर चौमूं से पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी, नगरपरिषद चौमूं के सभापति विष्णु कुमार सैनी, राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस की महासचिव सीमा यादव, नगरपरिषद उपसभापति किरण शर्मा, कैलाश राज सैनी, डॉ. जे पी सैनी, PCC सदस्य महेंद्र लाम्बा, पूर्व नेताप्रतिपक्ष चौमूं नगरपालिका शैलेन्द्र चौधरी, पार्षद लालाराम गुलिया, पार्षद मुकेश मोदी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष हरिनारायण यादव, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष लालाराम बलेसरा, पार्षद कमल भात्रा, पार्षद धीरेंद्र सैनी, प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी पार्टी राजस्थान वंदना यादव, पूर्व नगरपालिका चौमूं चेयरमैन गोविंदनारायन सैनी, पार्षद महेंद्र कुमावत, डॉ. नेमीचंद निठारवाल, डॉ. बाबूलाल बराला, डॉ. प्रदीप यादव, कॉमरेड गिरधारी लाल,विश्व यादव परिषद् के प्रदेशाध्यक्ष रामदेव यादव अनेको गांवो के जनप्रतिनिधि और भारी संख्या में जनता व कार्यकर्ता मोजूद रहे।



## शिक्षाविद् सांवरमल शास्त्री का ब्राह्मण समाज ने किया सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** शिक्षाविद् सांवरमल शास्त्री को शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार द्वारा राज्य स्तरीय संस्कृत दिवसाअंतर्गत विद्वतजन सम्मान समारोह 2023 संस्कृत साधना शिखर सम्मान मिलने पर गणेश विहार स्थित शिव मंदिर चौमू में ब्राह्मण समाज जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी एवं पदाधिकारीयो ने माला, साफा, शॉल एवं प्रतीक चिन्ह भेटकर सम्मानित किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष तिवाडी ने कहा कि शिक्षामित्र सांवरमल शास्त्री ने यह पुरस्कार प्राप्त कर चौमूं का नाम रोशन किया है इन्होंने संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए संस्कृत शिक्षा के क्षेत्र में कई अनवरत कार्य करते रहे हैं जिससे की संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा मिला है । इस दौरान जिला महासचिव बनवारी लाल शर्मा, जिला संगठन मंत्री पं रामस्वरूप शर्मा, चौमूं तहसील अध्यक्ष डॉ रामप्रकाश शर्मा, चौमूं तहसील महामंत्री ओम प्रकाश रीडर, पंडित सांवरमल शर्मा, पूर्व उप सरपंच बाबूलाल सेठी आदि लोगों उपस्थित रहे ।



## सभापति विष्णु कुमार सैनी ने मनाया रक्षाबंधन का पर्व

**चौमूं (हमारा वतन)।** चौमूं नगर परिषद के सभापति विष्णु कुमार सैनी ने अपनी बहनों से राखी बंधवाकर रक्षाबंधन का पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया । सभापति विष्णु कुमार सैनी ने बताया कि सभी बहनों ने कलाई पर राखी बांधकर मिठाई खिलाई । इसके बाद बहनों को रक्षाबंधन का उपहार भेंट किया गया। क्षेत्र की सभी बहने सुखी और सुरक्षित रहें यही मंगल कामना है ।

लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर

कचौलिया रोड, मगध नगर, बचपन स्कूल के पास चौमूं, जयपुर



क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित हैं ? तो हमसे मिलें !



सुरक्षित नॉर्मल, सिजेरियन डिलीवरी

निदेशक
डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया

24 घंटे इमरजेंसी सुविधा

नि:संतानता अब अभिशाप नहीं, पाएँ मातृत्व का सुख !

फ्री परामर्श

संपर्क - 9636247286, 9928747286

सभी प्रकार की जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट

# स्वाभिमान ग्रामीण विकास संस्थान के तत्वाधान में आयोजित हुआ सम्मान समारोह

**जयपुर (हमारा वतन)।** कस्बे में स्वाभिमान ग्रामीण विकास संस्थान के तत्वाधान में टांकरड़ा में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह के संयोजक डॉ. श्रवण बराला ने बताया कि आपका सम्मान हमारा स्वाभिमान थीम को लेकर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत टांकरड़ा,जयसिंहपुरा ग्राम पंचायत का सम्मान समारोह टांकरड़ा पंचायत भवन के पास रखा गया था। डॉ. श्रवण बराला ने बताया कि 2022-23 सरकारी सेवा में चयनित, भारतीय सैनिक एवं पूर्व सैनिक, वीरांगनाएं, सत्र 2022-23 में 10वीं,12वीं बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक प्राप्तांको से उत्तीर्ण प्रतिभाशाली विद्यार्थी,जिला,राज्य, राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ट विजेता खिलाड़ी, एंट्रेंस एग्जाम में चयनित मेडिकल, इंजीनियरिंग, लॉ एवं समकक्ष एग्जाम में चयनित विद्यार्थी, किसी विशेष सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो से राज्य,राष्ट्रीय स्तरीय सम्मानित, स्थानीय स्तर पर विशेष



सेवा कार्यों से मानव हितार्थ सेवाभावी,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, साथिन एवं वृद्धजनों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमे 600 प्रतिभावान विद्यार्थियों, खिलाड़ियों और 1500 महिलाओ,पुरुषो का सम्मान किया गया। डॉ. श्रवण बराला ने कहा कि मेरे जीवन का परम लक्ष्य ही सेवा है। प्रतिभाओं का सम्मान करने से उनका हौसला और अधिक बढ़ता है जिससे वह अपने क्षेत्र में और अधिक मेहनत करके सफलता हासिल कर सके तथा अपने गांव, क्षेत्र और परिवार का नाम रोशन कर सके। डॉ. बराला ने कहा कि प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती है। जरूरत है सिर्फ उन्हें उनकी मंजिल की ओर अग्रसर होने की,सही पथ पर जाने की और मार्गदर्शन की।

वृद्धजनों का आशीर्वाद ही हमारे असली पूंजी है। आज हम सब अगर यहां है तो इनका आशीर्वाद और वात्सल्य प्रेम है। इनकी सेवा का हम सबको प्रण लेना है। संसार में चाहे आप कितने ही तीर्थ कर लो लेकिन असली तीर्थ का पुण्य तो इनके आशीर्वाद में है। सम्मान समारोह में नदी से नदी जोड़ो एवं बीसलपुर पेयजल सिंचाई आपूर्ति हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाया गया । जिसमे हजारों कि संख्या में शामिल युवा, बुजुर्ग महिलाओ ने हस्ताक्षर करके समर्थन दिया। डॉ. श्रवण बराला ने आशा सहयोगिनी के मानदेय को लेकर भी चिंता जाहिर की। साथ ही किसानों की सफेद लट से नष्ट हुई फसल और अघोषित बिजली कटौती को लेकर भी प्रदेश सरकार को भी घेरा।

# चौमूं कबड्डी लीग सीजन-2 की जर्सी लॉन्चिंग, 12 सितम्बर से 50 टीमों में होगा मुकाबला

**चौमूं (हमारा वतन)।** दी हेल्पिंग यूथ क्लब चौमूं के अध्यक्ष और कांग्रेस नेता डॉक्टर हनुमान बराला के संयोजन में चौमूं कबड्डी लीग -2023 सीजन-2 का जर्सी लॉन्चिंग इवेंट आयोजित किया गया। इस चौमूं कबड्डी लीग में आपणी माटी अपणो खेल स्लोगन के साथ चौमूं तहसील-ग्राम पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 12 सितंबर से किया जाएगा ।

जर्सी लॉन्चिंग का कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर हनुमान बराला के नेतृत्व में किया गया। चौमूं कबड्डी लीग सीजन -2 प्रतियोगिता में 8 ब्लॉक बनाए गए हैं, जिसमें हर ग्राम पंचायत स्तर को शामिल किया जाएगा । इसमें करीब 50 टीमें शामिल होंगी । प्रतियोगिता में विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार से भी सम्मानित किया जाएगा। कांग्रेस नेता डॉ. हनुमान बराला ने बताया की मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के द्वारा जिस प्रकार शहरी और ग्रामीण ओलंपिक खेलों का आयोजन किया गया उसी प्रकार चौमूं




विधानसभा में भी चौमूं कबड्डी लीग- सीजन 2 प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इन प्रतियोगिताओं से दिमाग और शरीर दोनों फिट रहते हैं। साथ ही कैरियर और नौकरी मिलने की संभावना भी सरकार के द्वारा मिलने लगी है। पिछले साल कबड्डी लीग सीजन-1 में युवाओं से वादा किया था कि स्पोर्ट्स अकादमी में बच्चों को निःशुल्क ट्रेनिंग और प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए निःशुल्क लाइब्रेरी की व्यवस्था मिलेगी, जो सुचारू रूप से चालू है। अकादमी में चौमूं, शाहपुरा और आमेर विधानसभा के बच्चे ट्रेनिंग ले रहे हैं ।

इस बार की कबड्डी लीग की खास बात यह रहेगी की बुजुर्गों का मैत्री मैच और लड़कियां भी कबड्डी खेलती नजर आएंगी । जर्सी लॉन्चिंग के दौरान टीम हनुमान बराला के सभी सदस्य मौजूद रहे ।



# जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय गहन परामर्श एवं मंथन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)।** जिला परिषद सभागार में शासन सचिव, पंचायतीराज विभाग द्वारा राजस्थान मिशन वर्ष 2030 का जिला स्तरीय गहन परामर्श एवं मंथन कार्यक्रम मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ शिल्पा सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं उप जिलाप्रमुख जयपुर मोहन डागर की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान डागर ने बताया की कार्यक्रम में राज्य सरकार प्रदेश के विकास एवं प्रदेशवासियों की खुशहाली एवं प्रदेश के नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए संकल्पबद्ध राजस्थान मिशन वर्ष 2030 के लिए मानकों के निर्धारण एवं मानकों को प्राप्त करने हेतु समयबद्ध कार्य योजना पर चर्चा की। इसके साथ जिला स्तर पर पंचायतीराज विभाग राजस्थान मिशन 2030 अभियान के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों के बारे में विचार विमर्श कर जिला अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों से मंथन किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनिता यादव, जिला परिषद सदस्य भजनलाल कुमावत, जगदीश शर्मा, पवन कुमार वर्मा, तेजपाल धनवाडिया, प्रधान सहदेव गुर्जर, बद्रीनारायण बागड़ा, सरपंच प्रतिनिधि रामसिंह मीणा सहित जिला प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद रहे ।



# नारी शक्ति संस्था की पदाधिकारियों ने बांधी पुलिसकर्मियों को राखी

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं क्षेत्र में नारी शक्ति संस्था की ओर से रक्षाबंधन पर संस्था की पदाधिकारियों ने चौमूं थाना, सामोद थाना, गोविंदगढ़ थाना, डीसीपी कार्यालय और चौमूं एसीपी कार्यालय में पुलिसकर्मियों को राखी बांधकर मुंह मीठा करवाया । पुलिस कर्मियों ने भी राखी बंधवाकर सभी बहनों को रक्षा का वचन दिया ।

नारी शक्ति संस्था की अध्यक्ष धर्मा नागा ने बताया कि समाज को सुरक्षा देने वाले पुलिसकर्मी भाई घर परिवार छोड़कर दिन-रात ड्यूटी देते हैं । इसलिए रक्षाबंधन पर्व पर राखी बांधकर मुंह मीठा करवाया।

# कांग्रेस नेत्री डॉक्टर शिखा मील बराला ने किया चौमूं परिवर्तन यात्रा का आगाज

**जयपुर (हमारा वतन)।** प्रयास फाउंडेशन की अध्यक्ष और प्रदेश कांग्रेस पीसीसी सचिव डॉक्टर शिखा मील बराला ने आज चौमूं गढ़ गणेश जी का आशीर्वाद लेकर चौमूं परिवर्तन यात्रा का आगाज किया, जिसमें हजारों लोगों द्वारा बाइक रैली निकालकर परिवर्तन की मांग की।

यह यात्रा चौमूं गढ़ गणेश मंदिर से शुरू होकर नगर परिषद, रावण गेट, टांकरडा, जयसिंहपुरा कालाडेरा ,गौरी का बास, डोला का बास, मंडा भिंडा, नौपुरा, हस्तेड़ा, किशनपुरा, रंजीतपुरा, नांगल गोविंद, गुड़लिया, मलिकपुर होते हुए गोविंदगढ़ पहुंची और रात्रि को विश्राम रहा। 3 तारीख को गोविंदगढ़ से रैली शुरू हुई जो नांगल कला, ईटावा, अनन्तपुरा चिमनपुरा ,उदयपुरिया, हाड़ोता, सामोद ,महारकला, जाटावाली, बांसा कुशलपुरा, चीथवाड़ी, मोरिजा, अनंतपुरा होते हुए शाम 6 बजे जेतपुरा में संपन्न हुई ।



डॉ. शिखा मील ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि हमारी यह चौमूं परिवर्तन यात्रा विकास प्रगति की ओर यात्रा है । चौमूं का हर युवा जागरूक है और हमारे साथ जुड़ा हुआ है ।

हम पूरी विधानसभा में हर गांव पंचायत में जाएंगे। हम युवाओं के साथ हमारे विधानसभा ही नहीं समस्त राजस्थान में यह संदेश देना चाहते हैं, कि किस तरीके से युवा शक्ति एक आंधी की तरह है और अगर वह एक सकारात्मक विकास की ओर बढ़ने लगे तो उसे कोई नहीं रोक सकता । अगर हममें जागरूकता है तो हमें कोई नहीं रोक सकता । यह युवा शक्ति जरूर आंधी तूफान बनेगी और इस बार सरकारों को हिला कर रख देगी ।

# पंडित रविंद्र आचार्य का वृंदावन में पुजारी अभिषेक गोस्वामी ने किया सम्मान

**वृंदावन (हमारा वतन)।** तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष व अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने वृंदावन में बांके बिहारी के दर्शन किए । इस अवसर पर बांके बिहारी के पुजारी अभिषेक गोस्वामी ने माला व दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया । पंडित रविंद्र आचार्य ने बताया कि एकादशी के दिन बांके बिहारी के दर्शन करके अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ । मन बहुत प्रसन्न हुआ व सभी के लिए मंगल कामना की । इस दौरान साथ में पंडित हरिओम भी मौजूद रहे ।



# चेयरमेन हरसहाय यादव के कार्यकाल को मनाया एक साल बेमिसाल के रूप में

**जयपुर (हमारा वतन)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमेन हरसहाय यादव के कार्यकाल को एक साल बेमिसाल के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में एआईसीसी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय संयोजक राजेन्द्र सेन , स्टेट कोर्डिनेटर लोकेश सैनी, भंवर लाल विश्नोई , अरविन्द जायसवाल, महासचिव




सरिता जानू , कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गजेंद्र सिंह राठौर,दशरथ कटौत्या, एस के चौधरी ने यादव को माला पहनाकर कर मिठाई खिलाई। इस अवसर पर राष्ट्रीय संयोजक राजेन्द्र सेन ने कहा कि जब से राजस्थान ओबीसी विभाग के चेयरमेन पद पर हरसहाय यादव ने पदभार ग्रहण किया है तब से अब तक घर नही बैठे और ओबीसी में प्रदेश मे अलख जगाने का काम किया है ।




# प्रतीक बब्बर ने मनाया गर्लफ्रेंड प्रिया के साथ 3 साल पूरे होने का जश्न

राज बब्बर और स्मिता पाटिल के बेटे प्रतीक बब्बर प्रिया बनर्जी को डेटिंग कर रहे हैं। उन दोनों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा में है। प्रिया ने प्रतीक के साथ 3 साल पूरे होने का जश्न मनाया है। इस मौके पर अपनी रोमांटिक तस्वीरों का मोंटाज इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इसमें प्रतीक प्रिया को पैशनेटली किस करते भी दिख रहे हैं। उनके दोस्त और करीबियों ने इस मौके पर दोनों को शुभकामनाएं और बधाइयां दी हैं।



**एली अवराम ने दी बधाई**-प्रिया बनर्जी और प्रतीक बब्बर को डेटिंग करते हुए 3 साल पूरे हो चुके हैं। उन्होंने अपनी ये खुशी फैन्स और फ्रेंड्स के साथ बांटी है। प्रिया ने अपनी और प्रतीक की कई लवी-डवी तस्वीरों का मोंटाज बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया है। साथ ही प्रतीक को सोलमेट लिखकर 3 साल पूरे होने की बधाई दी है। एक्ट्रेस एली अवराम ने उनके पोस्ट पर कमेंट किया है। उन्होंने लिखा है, पहले गुलाब की पंखुड़ियां दिखीं तो मुझे लगा कि प्रपोजल हो गया। हैपी 3 इयर्स टू यू।

**2020 में हो चुका प्रतीक का तलाक**-बता दें कि प्रतीक और प्रिया के किस्से साल 2022 में खबरों में आए थे। इससे पहले साल 2019 में प्रतीक बब्बर की शादी सान्या सागर से हुई थी। साल 2020 में दोनों का तलाक हो गया। इसके बाद प्रतीक और प्रिया ने अपना रिलेशनशिप ऑफिशियल किया था। दोनों ने P और B के टैटू बनवाकर सोशल मीडिया पर तस्वीरें पोस्ट की थीं। 2012 में प्रतीक बब्बर और एमी जैक्सन की डेटिंग की खबरें भी आ चुकी हैं। प्रिया बनर्जी मॉडल, एक्ट्रेस हैं।

# शोभिता धुलिपाला का थ्रोबैक वीडियो वायरल, ट्रांसफॉर्मेशन देख यूजर्स बोले-कितनी सर्जरी कराई?

शोभिता धुलिपाला इन दिनों ओटीटी पर काफी बिजी हैं। उनकी वेब सीरीज मेड इन हेवेन का दूसरा सीजन हाल ही में रिलीज किया गया। इसमें उनके एक्टिंग की तारीफ हुई है। इससे पहले वह आदित्य रॉय कपूर के साथ वेब सीरीज नाइट मैनेजर में दिखी थीं। शोभिता ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की। उन्होंने मिस इंडिया 2013 में हिस्सा लिया था और उसी साल वह मिस अर्थ प्रतियोगिता में भी शामिल हुईं। अब शोभिता का एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें उनका लुक बिल्कुल बदला हुआ है। यहां तक कि पहली बार देखने में तो वह पहचान में भी मुश्किल से आ रही हैं।



**शोभिता का ट्रांसफॉर्मेशन**-वीडियो मिस इंडिया प्रतियोगिता के दौरान का है। शोभिता रैंप पर हैं। एक्ट्रेस असिन ने उनसे सवाल पूछे जिसका वह जवाब देती हैं। उस वक्त असिन मिस इंडिया प्रतियोगिता के जजों में शामिल थीं। उन्होंने शोभिता से महिलाओं के कपड़ों को लेकर जिस तरह की सलाह दी जाती है उसे लेकर सवाल पूछा। वीडियो पर कई यूजर्स ने कमेंट कर कहा कि उनके तब और अब के लुक में बहुत बदलाव आ गया है। कइयों ने तो उनका मजाक उड़ाया।

# शाहरुख खान की जवान का ट्रेलर रिलीज होते ही नयनतारा ने किया इंस्टाग्राम डेब्यू, बेहद खास है पहला वीडियो

बॉलीवुड किंग खान शाहरुख की एक्शन, ड्रामा और थ्रिल से भरी फिल्म जवान का ट्रेलर फाइनली 31 अगस्त को रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर के रिलीज होते ही फैंस ने इसे जमकर प्यार दिया है। मूवी में शाहरुख खान के अलग-अलग 10 शेड्स ने लोगों के एक्साइटमेंट को और भी बढ़ा दिया है। कुछ ही देर में इस ट्रेलर को जबरदस्त व्यूज हासिल हुए हैं। जवान में आपको शाहरुख के एक्शन और डिफरेंट लुक्स के साथ कड़क डायलॉग्स भी सुनने को मिलेंगे।



इसी बीच अब जवान की लेडी सुपरस्टार नयनतारा ने एक बड़ा उठाया है। उनके इस फैसले से अब फैंस बेहद खुश होने वाले हैं।

**नयनतारा ने किया इंस्टाग्राम पर डेब्यू**-दरअसल, नयनतारा सोशल मीडिया पर ज्यादा एक्टिव रहना पसंद नहीं करती हैं, लेकिन जवान ट्रेलर रिलीज के साथ ही उन्होंने फैंस को एक बड़ा तोहफा दिया है। नयनतारा ने इंस्टाग्राम पर डेब्यू कर लिया है। यही नहीं, उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने अपने दोनों जुड़वा बच्चे के चेहरे पर से पर्दा उठा दिया है। नयनतारा के इस पहले वीडियो में आप उनके दोनों बच्चों के चेहरे को साफ देख सकते हैं। ऐसे में अब फैंस के लिए ये किसी बोनस से कम नहीं है।

**ऐसा है तीनों का लुक**-नयनतारा ने अपना ये वीडियो घर में ही बनाया है। इसमें आप उन्हें ड्राइंग रूम में एंट्री करते देख सकते हैं। इस दौरान उनकी गोद में उनके दोनों बच्चे भी नजर आ रहे हैं। लुक की बात करें तो मां और बच्चों ने सेम कलर की ड्रेस कैरी की है। तीनों सफेद आउटफिट के साथ काला चश्मा पहने हुए दिख रहे हैं। वीडियो में उनके दोनों बेटे, उइर और उलाग, काफी क्यूट नजर आ रहे हैं।



# गंभीर स्वास्थ्य जोखिम दे सकते हैं दांतों में जमने वाले प्लाक

दांतों पर प्लाक या टारटर की पीली परत न केवल आपकी खूबसूरती खराब कर सकती है, बल्कि ये आपके लिए कई स्वास्थ्य जोखिम भी पैदा कर सकती है। क्या आपके दांतों में भी प्लाक जम गया है। इसलिए सबके सामने मुस्कुराते हुए हिचकती हैं। यह प्लाक आपके दांतों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। जब आप अपनी ओरल हाइजीन पर ठीक से ध्यान नहीं देती हैं, तो दांतों और मसूड़ों के बीच में प्लाक की एक पीली परत जमने लगती है। इससे बचने के लिए सिर्फ ब्रश करना ही काफी नहीं है, बल्कि आपको मुंह के पूरे स्वास्थ्य का ध्यान देना होगा। अगर आपके दांतों में भी प्लाक जमने लगे हैं, तो ये घरेलू उपाय आपके काम आ सकते हैं।



**छोटी-छोटी क्रेविंग भी हो सकती है प्लाक की वजह**-फाउंडर एंड डायरेक्टर ऑफ बॉडी एंड माइंड, मिसेज इंडिया डॉ. राशी जैन के अनुसार लगातार कुछ न कुछ खाते रहने की आदत भी प्लाक का कारण बन सकती है। असल में जब आप ज्यादा कार्बोहाइड्रेट वाली चीजें खाती हैं, तो दांतों पर बैक्टीरिया आक्रमण कर देते हैं। यही बैक्टीरिया प्लाक का कारण बनते हैं।जिससे दांतों की बाहरी परत खराब होने लगती है और दांतों में सड़न होना शुरू हो जाती है। कई शोध यह बता चुके हैं कि मुंह का खराब स्वास्थ्य पेट संबंधी समस्याओं का भी कारण बन सकता है।

**ओरल हाइजीन को मेंटेन रखना है जरूरी** -आपको अपने मुंह को अच्छे से साफ रखना चाहिए। ताकि किसी प्रकार के बैक्टेरिया इन्फेक्शन न हो। इस उद्देश्य के लिए आपको छोटी ब्रिसल वाली ब्रश का प्रयोग करना चाहिए। इससे आपके मुंह में प्लाक भी नहीं बनेगी। आपके दांतों को एक्स्ट्रा प्रोटेक्शन भी मिलेगा। कोई अच्छा माउथ वॉश भी प्रयोग कर सकती हैं। आपको कोशिश करनी चाहिए कि दिन में दो बार ब्रश करें।

**दांतों से प्लाक हटाने के लिए आप आजमा सकती हैं ये घरेलू उपाय**

**1 बेकिंग सोडा के द्वारा ब्रश करें**-अगर आप ब्रश पर बेकिंग सोडा लगा कर उसे दांतों पर प्रयोग करती हैं, तो यह प्लाक को उतारने का एक प्रभावी तरीका है। यह पूरी तरह से सुरक्षित भी है। टूथ एनामेल को भी रिमूव होने से बचाता है।

**2 नारियल तेल द्वारा ऑयल पुलिंग करना**-अपनी ओरल हेल्थ को मेंटेन करने का और दांतों से बैक्टीरिया रिमूव करने का यह आसान तरीका है। इसमें एंटी इन्फ्लेमेटरी और एंटी ऑक्सिडेंट गुण होते हैं। इसमें एक ऐसा एसिड भी पाया जाता है जिसमें एंटी माइक्रोबियल गुण होते हैं।जो बैक्टीरिया आदि को दांतों से रिमूव करने में सहायक है।



# अपने आप को सेलिब्रेट करना भी है जरूरी, यहां हैं अमेजिंग तरीके

हम अक्सर दूसरों को मनाने के लिए कई चीजें करते हैं, लेकिन हम खुद पर कितनी बार ध्यान देते हैं? यही कारण है कि आप खुद को सेलिब्रेट करें।हम सभी जानते हैं कि जीवन उतार-चढ़ाव, अच्छे-बुरे अनुभवों का गुलदस्ता है, लेकिन हमारे लिए भी बहुत कुछ ऐसा है जो सही है! एक मनुष्य के रूप में, हम कितना कुछ करने में सक्षम हैं और कितनी ही चीजों के लिए हम सराहना और स्वीकार्यता के पात्र हैं। हां, हम सभी की दिनचर्या व्यस्त होती है और यह कठिन हो सकता है, लेकिन क्यों न खुद को मनाने के लिए कुछ समय निकाला जाए? क्योंकि आप इस काबिल हैं!

1. **ब्रेक लें**-आज छुट्टी लेना एक लक्जरी लगता है। क्योंकि हम सारा दिन काम में डूबे हुए रहते हैं। इसके अलावा, महामारी आपके जीवन पर हावी हो रही है, व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन के बीच शायद ही कोई अंतर है। तो, कुछ समय निकालिए; आप कहीं ठहरने के लिए जा सकती हैं या घर पर आराम कर सकती हैं, अपनी पसंदीदा फिल्में देख सकती हैं और किताबें पढ़ सकती हैं। यह आपको बर्न आउट से बचाने में भी मदद करेगा!

2. **खुद को एक आभार पत्र लिखें**-कई बार हमने दूसरों की सराहना की है और उन्हें स्वीकार किया है, लेकिन कई मौकों पर क्या हमने खुद की प्रशंसा की है? यही कारण है कि आपको अपने लिए एक पत्र लिखना चाहिए, जहां आप अपने सकारात्मक गुणों के बारे में बात करें। यह कुछ भी हो सकता है जो आपको पसंद हो, लेकिन इसे लिख लें!

3. **खुशी देने वाला काम करें**-यह सप्ताह में एक बार खुद को कॉफी पर बाहर ले जाने या घर पर गर्म बबल बाथ का आनंद लेने तक कुछ भी हो सकता है। आप जो पसंद करती हैं उसे देखने के लिए आप वीकेंड भी बिता सकती हैं।

4. **अपने प्रति दयालु बनें**-ऐसा कहा जाता है कि आपको दूसरों के प्रति दयालु होना चाहिए, लेकिन अपने प्रति दयालु होने के बारे में क्या? अपना ख्याल रखें, जैसे आप अपने सबसे करीबी दोस्तों और परिवार वालों का ध्यान रखती हैं, जिन्हें आप प्यार करती हैं। अपनी इच्छाओं और जरूरतों को हमेशा प्राथमिकता दें।

# प्रेम की भांति ही ईश्वर भी चिरंतन है

हर व्यक्ति के जीवन का कुछ-न-कुछ लक्ष्य होता है। लेकिन जीवन को समझने के लिए लक्ष्य से कहीं अधिक तत्व की महत्ता होती है। ऐसा तत्व जो शाश्वत हो। जिसके बिना जीवन की कल्पना न की जा सके। प्रेम ऐसा ही तत्व है। ईश्वर और प्रेम एक-दूसरे के पर्याय हैं। दोनों अमूर्त हैं और ईश्वर भी प्रेम की भांति ही चिरंतन है। जीवन का वास्तविक लक्ष्य क्या है? सबसे पहले तो यही कि आप इसका करते क्या हैं? जीवन का लक्ष्य वही है, जो आप इसे बनाएंगे। जैसे आप किसी दुखी मनुष्य के पास जाएंगे तो वह कहेगा कि उसके लिए जीवन का लक्ष्य प्रसन्न होना है। जो मनुष्य भूखा जी रहा है, उसका लक्ष्य होगा कि पेट भरा होना चाहिए। अगर एक संन्यासी के पास जाएं, तो उसका लक्ष्य ईश्वर को पाना है। तो यह लक्ष्य, लोगों की भीतरी चाह, कुछ ऐसा पाने की चाह है, जो परितोषप्रद तथा आरामदायक हो। वे एक प्रकार की सलामती चाहते हैं, सुरक्षा चाहते हैं ताकि कोई संशय, प्रश्न, व्यग्रता या भय न रहे। हममें से अधिकांश एक स्थायी वस्तु चाहते हैं, जिससे चिपके रह सकें।क्या हम जीवन को सीधे-सीधे समझ सकते हैं अथवा हमें अपने जीवन को अर्थ प्रदान करने के लिए किसी तत्व का अनुभव करना होगा?

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# जाति-गणना के सवाल


राम गोपाल सैनी

बिहार में जातिगत सर्वे का कार्य जब पूरा हो चुका है, तब इसके प्रकाशन को रुकवाने के इरादे से सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका के संदर्भ में केंद्र सरकार ने अपना जो पक्ष रखा है, उससे एक बार फिर जातीय गणना को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है, राज्य सरकार और केंद्र के बीच टकराव की स्थिति तो खैर बनी ही है। केंद्र की दलील है कि जनगणना कानून 1948 के तहत सिर्फ केंद्र सरकार जनगणना करा सकती है और दूसरी कोई संस्था यह कवायद नहीं कर सकती, वहीं बिहार सरकार का दावा है कि यह जनगणना है ही नहीं, बल्कि एक जातीय-सामाजिक सर्वे है, जो राज्य में हाशिये के लोगों के कल्याण के लिए विशेष नीति बनाने के मकसद से प्रेरित है। अब यह मामला शीर्ष अदालत में है, तो जाहिर है, उसके फैसले के बाद ही इसकी वैधानिकता अंतिम रूप से तय हो सकेगी। मगर इस पूरे प्रकरण के राजनीतिक निहितार्थ कहीं अधिक गहरे हैं। दरअसल, बिहार और पूरे देश में धर्म व जाति की गोलबंदी में जुटी राजनीतिक पार्टियां इस गणना के सियासी नफे-नुकसान से बखूबी वाकिफ हैं और आगामी आम चुनाव में इनके इस्तेमाल का मौका वे अपने हाथ से जाने नहीं देना चाहतीं। इसीलिए जातीय गणना का सवाल सिर्फ बिहार तक सीमित नहीं रहा। मध्य प्रदेश में अब कांग्रेस अपनी सरकार बनने की सूरत में जातिगत गणना कराने का वादा कर रही है। पिछले दिनों सागर में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इसकी स्पष्ट घोषणा की। विपक्षी दलों के महागठजोड़ 'इंडिया' के एजेंडे में भी यह एक अहम मुद्दा बनता जा रहा है। मगर 2024 के आम चुनाव को 'मंडल बनाम कमंडल' की पार्ट-2 लड़ाई बनाने में जुटी पार्टियों को नहीं भूलना चाहिए कि पिछले तीन दशकों में मतदाता बहुत परिपक्व हो चला है और एक के बाद दूसरे विधानसभा चुनावों में वह इसका प्रदर्शन भी कर चुका है। जातीय गणना को लेकर खड़े हुए ताजा विवाद ने राष्ट्रीय जनगणना के सवाल को भी जिंदा कर दिया है। आखिर कोरोना के कारण अपने तय समय पर न हो पाई यह जरूरी कवायद अब कब होगी? इतना तो स्पष्ट है कि अगले आम चुनाव से पहले अब यह काम संभव नहीं। ऐसे में, राज्य सरकारों के पास आधिकारिक डाटा जुटाने के लिए और क्या विकल्प बचता है? साल 2011 की जनगणना के बाद राज्यों में काफी प्रगति हुई है और उसके आंकड़ों से तरक्की की धारा में पीछे रह गए लोगों को सही-सही लक्षित कर पाना कठिन है, जबकि उनके उत्थान के लिए कार्यक्रम चलाना राज्यों का दायित्व भी है और जरूरत भी। बेहतर होता कि जातीय गणना को सियासी फुटबॉल बनाने के बजाय एक ईमानदार कोशिश के तौर पर पेश किया जाता। जब राष्ट्रीय जनगणना में धर्मों की गिनती से हमारे सामाजिक ताने-बाने को कोई नुकसान नहीं पहुंचता, तो कोई कारण नहीं कि जातियों की गिनती से अराजकता फैल जाए। जाति व समुदाय सामाजिक सच्चाई हैं, उनके आधार पर हमारे देश में आरक्षण की सांविधानिक व्यवस्था भी है। सटीक आंकड़े इस व्यवस्था के लिहाज से भी जरूरी हैं। अपने अधिकारों के प्रति जागरूक समाज लोकतंत्र की कामयाबी की पहली शर्त है। इसलिए संकीर्ण ध्रुवीकरण के नजरिये से देखने के बजाय जाति के मुद्दे को सामाजिक उत्थान की दृष्टि से देखा जाना चाहिए।

# यूईएम में आईसीएपी-2023 फिजियोथेरेपी में प्रगति पर पहला अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन-2023 का हुआ आयोजन



**जयपुर (हमारा वतन)।** फिजियोथेरेपी विभाग, यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, जयपुर फिजियोथेरेपी में प्रगति पर पहला अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (ICAP2023) का आयोजन जयपुर परिसर में संपन्न हुआ । सम्मेलन का विशेष फिजियोथेरेपी में प्रगति को उजागर करना और नए दायरे की खोज करना है। आईसीएपी 2023 शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और छात्रों को फिजियोथेरेपी और पुनर्वास के क्षेत्र में मुद्दों, रुझानों और विकास पर चर्चा और विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर प्रदान करेगा। साथ ही सम्मेलन का उद्देश्य फिजियोथेरेपी और पुनर्वास के क्षेत्र में चल रहे रुझानों के प्रसार पर जोर देने के लिए भारत के विभिन्न क्षेत्रों से बुद्धिजीवियों को एक साथ लाना है। यूनिवर्सिटी कुलपति प्रो. (डॉ.) विश्वजॉय चटर्जी ने फिजियोथेरेपी के महत्व पर जोर दिया और अपनी प्रेरणादायक बातचीत के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रेरित किया। उन्होंने उभरते क्षेत्रों में फिजियोथेरेपिस्टों के ज्ञान को अद्यतन करने के लिए ऐसे सम्मेलनों की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

प्रोफेसर (डॉ.) प्रदीप कुमार शर्मा, रजिस्ट्रार ने फिजियोथेरेपी के पेशे के बारे में अपने बहुमूल्य विचार दिए और पूरी आयोजन समिति को प्रोत्साहित किया। प्री-कॉन्फ्रेंस हैंड्स-ऑन कार्यशालाएँ आयोजित की गईं। पहली कार्यशाला डॉ. हरप्रीत सिंह सचदेवा द्वारा प्रोप्रियोसेप्टिव न्यूरोमस्कुलर फैसिलिटेशन पर ली गई थी।

वह एम्स नई दिल्ली में 10 वर्षों से अधिक के अनुभव के साथ एक शिक्षाविद और क्लिनिकल न्यूरो-फिजियोथेरेपिस्ट हैं। इस कार्यशाला में जयपुर के विभिन्न कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के 40 प्रतिभागियों ने पीएनएफ तकनीक और विभिन्न रोगों में इसके अनुप्रयोग के बारे में सीखा।

दूसरी कार्यशाला डॉ. सूर्यमणि द्वारा जस्ट थ्रस्टः स्पाइनल आर्टिक्यूलेशन एंड मैनिपुलेशन तकनीक पर ली गई थी। डॉ सूर्यमणि प्रोकिनेशिया हेल्थकेयर के संस्थापक और निदेशक, प्रोकिनेशिया अकादमी में प्रशिक्षक और मेड्राइज इंटरनेशनल एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के सह-संस्थापक, निदेशक हैं। वह गुडहैब, स्वास्थ्य और कल्याण क्लिनिक में पूर्व नैदानिक निदेशक हैं।

इस कार्यशाला में जयपुर के विभिन्न कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के 40 प्रतिभागियों ने स्पाइनल आर्टिक्यूलेशन और मैनिपुलेशन तकनीकों और विभिन्न रोगों में उनके निहितार्थ के बारे में सीखा। दोनों कार्यशालाएँ सभी प्रतिभागियों के लिए बहुत फायदेमंद साबित हुईं क्योंकि ये दोनों नवीनतम तकनीकें हैं और सभी प्रतिभागियों ने तकनीकों को हाथों-हाथ सीखा।

सम्मेलन के सम्मानित अतिथि डॉ. अली ईरानी रहे जो नानावटी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, मुंबई में फिजियोथेरेपी और खेल के एचओडी हैं। वह 1987-1997 तक भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व फिजियोथेरेपिस्ट भी हैं। उनके पास राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पेशेवर एथलीटों के साथ काम करने का व्यापक अनुभव भी है।

# अगस्त में जीएसटी संग्रह 1,59,069 करोड़ रुपये रहा, जुलाई से 3.6 प्रतिशत कम

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** अगस्त में सकल जीएसटी राजस्व 1,59,069 करोड़ रुपये रहा, जो जुलाई में एकत्र 1,65,105 करोड़ रुपये से 3.6 फीसदी कम है। हालाँकि, यह आंकड़ा अगस्त 2022 के जीएसटी संग्रह से 11 प्रतिशत अधिक था। पिछले साल अगस्त में कुल जीएसटी संग्रह 1,43,612 करोड़ रुपये रहा था। अगस्त 2023 के लिए जीएसटी राजस्व के रूप में एकत्र किए गए 1,59,069 करोड़ रुपये में से सीजीएसटी 28,328 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 35,794 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 83,251 करोड़ रुपये (माल के आयात पर एकत्र 43,550 करोड़ रुपये सहित) और उपकर 11,695 करोड़ रुपये (वस्तुओं के आयात पर एकत्रित 1,016 करोड़ रुपये सहित) था। सरकार ने आईजीएसटी से सीजीएसटी में 37,581 करोड़ रुपये और एसजीएसटी में 31,408 करोड़ रुपये स्थानांतरित किये है। नियमित निपटान के बाद अगस्त 2023 में केंद्र और राज्यों का कुल राजस्व सीजीएसटी के लिए 65,909 करोड़ रुपये और एसजीएसटी के लिए 67,202 करोड़ रुपये था।




## वीर विक्रम चंद्रयान (कविता)

वीर विक्रम चंद्रयान
मिशन से हुआ हिंद का
इतिहास कीर्तिमान।
भारतीय अंतरिक्ष
अनुसंधान संस्थान का
सफल हुआ अभियान।
इसरो वैज्ञानिकों ने
तेईस अगस्त तेईस को
बढ़ाई तिरंगे की शान।
जग में तप त्याग
समर्पण से बनी अनूठी
हिन्दुस्तान की पहचान।
बना भारत प्रथम देश
चंद्र दक्षिणी ध्रुव
पहुंचने वाला इस जहान।
खगोल भूगोल क्षेत्र में
जागे धरती पर
नव पीढ़ी के नये अरमान।
अब श्रीहरिकोटा
सूर्य मिशन आदित्य
एल-1 लॉन्च का इम्तिहान।
सर्वश्रेष्ठ होंगा निज वतन
विकसित राष्ट्रों की
श्रृंखला के दरमियान


-महेन्द्र सिंह कटारिया, नीमकाथाना

## (कविता) हिसाब आया

उम्र पलटी जवाब आया
हर कर्मों का हिसाब आया
पाप -पुण्य के लेख का
चित्रगुप्त ज़ब किताब लाया
आदमी फिर सहूलियत से
सारे पन्ने.....पढ़ने बैठा
यह सही है यह गलत है
बातें हजारों गढ़ने बैठा
धुंधले नैनों के खातिर
यम ने थोड़ा आब लाया
उम्र पलटी जवाब आया
हर कर्मों का हिसाब आया
आदमी हर इक बात को
झुठलाने में कसर न छोड़ी
वैसे सब कुछ दर्ज था सच
बात ने कोई असर न छोड़ी
उलझी हुई हर गुत्थियों को
सुलझाने मौत का नवाब आया
उम्र पलटी जवाब आया
हर कर्मों का हिसाब आया
सामने अनगिनत चिताएं
आग के होती हवाले
मौत ही अंतिम सत्य है
इस बात को लेता संभाले
पर उम्र लम्बी मान बैठा
जेहन में खुद का शबाब आया
उम्र पलटी जवाब आया
हर कर्मों का हिसाब आया


-सिद्धार्थ गोरखपुरी

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमू शहर होगा